e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / भू0अ0नि0 (5)–अपील– 5 / 2022 2662 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–1614 दिनांक–02.07.2022 आदेश के आलोक में श्री सीमान्दु पाटिल, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN02354) को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने तथा अमीन डायरी का दैनिक संधारण नियमित रूप से नहीं करने के कारण संविदा रद्द की गई है। उक्त आदेश के विरूद्ध वर्त्तमान अपील दाखिल किया गया है।

निदेशालय के पत्रांक–1981 दिनांक–10.08.2022 द्वारा अपीलार्थी को अपना पक्ष रखने हेतु ईमेल द्वारा सूचना दी गई। निर्धारित तिथि– 26.08.2022 को वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

उभय पक्ष उपस्थित। आवेदक का कहना है कि मुझे मौजा–नौरंगा, राजस्व थाना नं0–209 एवं मदनचक, राजस्व थाना नं0–203 आवंटित किया गया था। पंचाने नदी में बाढ़ आने एवं तटबंध टूट जाने के कारण मदनचक मौजा में जल–जमाव हो गई थी। शिविर प्रभारी द्वारा मुझे फेज–2 के कार्यों में लगाया गया है। वर्ष–2021 में पंचायत चुनाव कार्य में मेरी ड्यूटी लगी हुई थी, जिसके कारण किस्तवार कार्य में विलंब हुआ।

निदेशालय के प्रतिउत्तर के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री सीमान्दु पाटिल द्वारा मौजा–मदनचक, राजस्व थाना नं0–203 का किस्तवार कार्य लगभग 07 माह की अवधि में पूर्ण किया गया, परंतु खानापुरी कार्य समीक्षा की तिथि तक प्रारंभ नहीं की गयी है। श्री पाटिल को आवंटित दूसरा मौजा–नौरंगा का किस्तवार कार्य लगभग 08 महीने के लंबी अवधि के बाद भी पूर्ण नहीं किया गया है।

निदेशालय द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण में श्री पाटिल द्वारा कोई ठोस कारण / साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने के कारण इनका संविदा रद्द किया गया है।

उभय पक्षों के सुनने एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि श्री पाटिल द्वारा मौजा–मदनचक, राजस्व थाना नं0–203 का किस्तवार कार्य लगभग 07 माह की अवधि में पूर्ण किया गया है लेकिन खानापुरी कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया है। इसी प्रकार मौजा–नौरंगा, राजस्व थाना नं0–209 का किस्तवार कार्य लगभग 08 महीने के बाद भी पूर्ण नहीं किया गया है। साथ ही अमीन डायरी का दैनिक संधारण भी नियमित रूप से नहीं किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निश्चित समयावधि में पूरा किया जाना है। उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि श्री पाटिल द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यों की उपलब्धि, अधिनियम / नियमावली में वर्णित समय–सीमा के विपरीत है।

श्री पाटिल को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों में रूचि नहीं लेने तथा इनके कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए संविदा रद्द की गयी है, इसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

अतः श्री सीमान्दु पाटिल, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN02354) का अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील– 5/2022 2662 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– श्री सीमान्दु पाटिल, पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन (Emp. ID AEN02354) Email-simandu7070@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील– 5/2022 2662 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी/बन्दोबस्त पदाधिकारी मार्फत को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील– 5/2022 2662 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 03/भू0अ0नि0 (5)–अपील– 5/2022 2662 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/9/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप